卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 143 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦28 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# विकास के साथ विरासत को भी बढ़ा रही सरकार: धामी

## मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी को दी 132 करोड़ से अधिक की सौगात, 39 विकास योजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 132 करोड़ 55 लाख 56 हजार की 39 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 72 करोड़ 38 लाख की लागत से 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 60 करोड 17 लाख 56 हजार की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से नैनीताल जिला विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार, उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर तीव्रता से कार्य कर रही है। राज्य प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णय, अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है। जिसपर हम विकल्प प्राइस संकल्प के साथ काम रह रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून,जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, विरासत और पवित्रता से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी में 30 मीटर स्पान के मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में टैक्नोलॉजी लैब, नलकूप निर्माण कोटाबाग में महादेवपुरम व झलुवाझाला (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल के समीप कार में मिला बैंक्वेट हॉल स्वामी का शव

## बंद कार में दम घुटने से मौत की आशंका, पुलिस जांच में जुटी



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के सुशीला तिवारी अस्पताल के समीप शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल के पास खड़ी एक संदिग्ध कार के भीतर 32 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान बरेली रोड स्थित प्रसिद्ध 'घूंघट बैंक्वेट हॉल' के स्वामी अरुण बिष्ट के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे स्थानीय लोगों ने अस्पताल के पास एक कार को काफी देर से खड़ा देखा। काफी समय तक कोई हलचल न होने पर लोगों को शक हुआ। कार के सभी शीशे पूरी तरह बंद थे। सूचना मिलते ही सीओ अमित कुमार और कोतवाल विजय मेहता भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार के दरवाजे लॉक होने के कारण पुलिस को उन्हें तोड़कर युवक को बाहर निकालना पड़ा। युवक को बाहर निकालने पर पता चला कि कार का एसी ऑन था, जिसके कारण मृतक का शरीर पूरी तरह ठंडा पड़ चुका था। आनन-फानन में युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे (शेष पृष्ठ सात पर)

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत, युवती गंभीर

## अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर के समीप हुआ दर्दनाक हादसा



हल्दूचौड़ (उद संवाददाता)। लालकुआं-काठगोदाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह बेरीपड़ाव स्थित अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर के समीप डंपर की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर पीछे बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिम्मतपुर चौमवाल निवासी 30 वर्षीय कार्तिक कांडपाल पुत्र कृष्ण नन्द कांडपाल शनिवार प्रातः करीब 10 बजे अपनी स्कूटी से हल्दूचौड़ की ओर जा रहे थे। रास्ते में गांव की ही 25 वर्षीय युवती नेहा कांडपाल पुत्री पुष्कर कांडपाल ने उनसे लिफ्ट ली और स्कूटी पर बैठ गई। नेहा अशोक लीलैंड कंपनी में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि जैसे ही स्कूटी सवार गांव की सड़क से राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़े और आगे चल रहे डंपर (संख्या यूके 01-सीए 3035) को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी स्कूटी अनियंत्रित होकर डंपर के नीचे जा घुसी।हादसे में कार्तिक का सिर सीधे डंपर (शेष पृष्ठ सात पर)

# इंस्टाग्राम पर युवती की अश्लील फोटो अपलोड कर लैकमेलिंग

## फर्जी आईडी बनाकर दी जा रही है धमकी, केस दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रीत विहार क्षेत्र में एक युवती की फोटो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने और फर्जी आईडी बनाकर उसे ब्लैकमेल करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रीत विहार नंबर 02 निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 20 वर्षीय बेटी घर पर ही रहती है। उनकी बेटी ने सितंबर 2025 में इंस्टाग्राम पर अपनी एक आईडी बनाई थी। आरोप है कि 8 जनवरी 2026 को एक अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी द्वारा उनकी बेटी की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक तरीके से अपलोड किया गया। इसके साथ ही आरोपी ने बेटी के नाम से ही एक फर्जी प्रोफाइल भी बना ली है। परेशान मां ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी बेटी के व्हाट्सएप नंबर पर अत्यंत (शेष पृष्ठ सात पर)

# आधी रात में दबंगों का तांडव,लोगों पर पथराव,कई घायल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार की रात्रि ट्रांजिट कैम्प के वार्ड 7 आजादनगर में युवती से मिलने आये एक युवक की कुछ लोगों द्वारा पिटाई कर देने के बाद युवक के कई साथी वहां आ पहुंचे और उन्होंने वहां खड़े लोगों और उनके घरों पर ईंट पत्थर बरसाने शुरू कर दिये और कई घरों में घुसकर महिलाओं से मारपीट भी की। जिससे कई लोगों को चोटें आ गई। इस दौरान दबंगों ने वहां खड़ी स्कूटी और टुकटुक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों की भीड़ जमा होने पर दबंग युवक धमकी देते हुए वहां से भाग गये। घटना की सूचना तत्काल देने के बाद भी पुलिस के काफी देर बाद मौके पर पहुंचने से लोगों में खासा रोष दिखाई दिया। मामले की जानकारी देते क्षेत्रवासियों ने बताया कि मौहल्ले में पिछले काफी समय से युवक रात्रि के समय युवतियों से मिलने के लिए आते हैं इससे मौहल्ले का वातावरण खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात्रि भी युवक मौहल्ले के मोड़ पर युवतियों से मिलने आये थे। जिसके बाद युवतियां घर को जाने लगी तो युवक भी उनके पीछे घर की ओर चल दिये। जहां युवकों का युवतियों के परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मौहल्ले के लोगों ने जब युवकों को यहां न आने के लिए कहा तो उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते वह लोगों से उलझ गये। इसी बीच युवकों ने अपने साथियों को भी बुलवा लिया। जिन्होंने आते ही लोगों पर ईट पत्थर बरसाने शुरू कर दिये और घरों में घुसकर महिलाओं से मारपीट कर दी। जिसके बाद मौहल्ले में अफरातफरी मच गई। युवक सामने जो भी दिखाई देता उसे बेरहमी से पीटने लगे। इस दौरान युवकों ने वहां खडे कमल मंडल के टुकटुक व सपना राय की स्कूटी संख्या यूके 06 बीएल 3995 को गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मौहल्ले वासियों का आरोप है कि मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। परंतु पुलिस काफी देर के बाद पहुंची। इधर युवक लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

# होली पर शांति भंग करने वालों पर रहेगी पैनी नजर

## एसएसपी ने दिए सघन चेकिंग और फ्लैग मार्च के निर्देश



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी होलिका दहन एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए ऊधमसिंहनगर पुलिस पूरी तरह से कमर कस चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और एलआईयू टीम के साथ हाई लेवल समीक्षा बैठक की। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि पर्व की आड़ में हुड़दंग या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी और कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने जनपद के चिन्हित संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्यमंत्री धामी ने सुनी जनता की समस्याएं



खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन शनिवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड व हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकांश समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जनता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर नगर पालिका खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री फरजाना बेगम, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, महामंत्री रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं जनता उपस्थित थी।

# लोकभवन में फूलों की खुशबू और सांस्कृतिक रंगों के साथ वसंतोत्सव का आगाज

## राज्यपाल ने 'भोज पत्र' पर विशेष डाक आवरण जारी किया, वसंतोत्सव में विभिन्न संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा 343 स्टॉल लगाये

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को लोक भवन परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न पुष्पों की भव्य प्रदर्शनी के साथ 'वसंतोत्सव-2026' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री सतपाल महाराज तथा प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने डाक विभाग द्वारा "भोज पत्र" विषय पर जारी विशेष डाक आवरण का विमोचन किया तथा डाक विभाग, देहरादून द्वारा आयोजित डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया, जिसने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। इस वर्ष वसंतोत्सव की थीम "फ्लोरल हीलिंग: नेचर्स पाथ टू वेल बीइंग" रखी गई है। उद्यान विभाग द्वारा फ्लोरल हीलिंग का प्रदर्शन करने हेतु व्यवस्था की गई साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में पाये जाने वाले ताजे पुष्पों से तैयार होने वाले खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन और पृथक से स्टॉल लगाया गया। थीम पर आधारित स्टॉल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यह आयोजन केवल पुष्प प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति की उपचारात्मक शक्ति और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में फूलों एवं हरियाली के महत्व को भी रेखांकित करता है। वसंतोत्सव के प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान (देहरादून) तथा निरामया योगम रिसर्च फाउंडेशन (हरिद्वार) द्वारा रिदमिक योग का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं वुशु एसोसिएशन, उत्तराखण्ड के बच्चों द्वारा वुशु के बेहतरीन करतब की प्रस्तुति दी गई। राज्यपाल ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आए विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और उनकी चित्रकला की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने वसंतोत्सव में लगी पुष्प प्रदर्शनी एवं विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर प्रदर्शकों से जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लोक भवन परिसर में वसंतोत्सव के माध्यम से उत्सव का एक विशेष वातावरण बना है। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ प्रदर्शित फूलों की गुणवत्ता, विविधता और सुगंध प्रकृति के अनुपम सौंदर्य को दर्शाती है। उन्होंने प्रगतिशील किसानों एवं उद्यान विशेषज्ञों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बागवानी और पुष्प उत्पादन राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकते हैं तथा इससे आय और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।राज्यपाल ने 'अरोमा क्रांति' का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की प्राकृतिक संपदा से तैयार सुगंधित उत्पाद वैश्विक स्तर पर विशेष पहचान बना सकते हैं। उन्होंने फूलों एवं सुगंधित उत्पादों के स्वास्थ्यवर्धक प्रभावों पर किए जा रहे अनुसंधानों की भी सराहना की।उन्होंने भोज पत्र पर आधारित विशेष डाक आवरण के विमोचन को विशेष क्षण बताया और कहा कि भोज पत्र हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह हमारी जड़ों और सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़ा हुआ है, जिसे आज इस विशेष अवसर पर जनसामान्य के साथ साझा किया गया है।राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव में युवाओं, महिलाओं तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी उनकी रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता का परिचायक है। उन्होंने शहद, अरोमा उत्पाद एवं मिलेट्स जैसे पारंपरिक उत्पादों को संभावित आर्थिक प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि यदि इन उत्पादों को तकनीक और डिजिटलीकरण से जोड़ा जाए तो नए बाजार और अवसर विकसित किए जा सकते हैं। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से परिवार सहित वसंतोत्सव में सहभागिता करने का आह्वान करते हुए इस आयोजन का लाभ उठाने का आग्रह किया। वसंतोत्सव के आयोजन में कट फ्लावर(पारंपरिक) प्रतियोगिता में 870 प्रतिभागी, कट फ्लावर (गैर पारंपरिक) श्रेणी में 266 प्रतिभागी, कट फ्लावर (दिव्यांग श्रेणी) में 05 प्रतिभागी, महिला पुष्प उत्पादक 26 प्रतिभागी, पॉटेड प्लांट श्रेणी(प्राइवेट नर्सरी) में 21, लूज फ्लावर श्रेणी में 45, पॉटेड प्लांट(गैर पुष्प) श्रेणी में 25 प्रतिभागी, सब्जी उत्पादन 60, कैक्टस एवं सॉकुलेंट श्रेणी में 19, बोनसाई श्रेणी में 18, टेरारियम श्रेणी में 06, हैंगिंग पॉट्स श्रेणी में 16, सोयल-लेस/ हाइड्रोपोनिक्स कल्टीवेशन श्रेणी में 06, पॉट्स फॉर गार्डनिंग 23, ऑन स्पॉट फोटोग्राफी में 50, शहद की श्रेणी में 103, फ्रेश पेटल रंगोली में 17 और पेंटिंग प्रतियोगिता में 738 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया है। आज के आयोजन में कुल 15 श्रेणियों की 55 उप श्रेणियों में कुल 2314 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के उपरांत दिनांक 01 मार्च, 2026 को प्रदान किए जाएंगे। वसंतोत्सव में विभिन्न संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा कुल 343 स्टॉल लगाये गये। इस दौरान राज्य के विभिन्न राजकीय संस्थानों द्वारा 18 स्टॉल पर अपनी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें औद्यानिक यन्त्र, बायोफर्टिलाइजर, जैविक कीटव्याधि नियंत्रक उत्पादन करने वाली विभिन्न फर्मों एवं औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं/स्वयं सहायता समूहों/स्थानीय उत्पादक संगठनों द्वारा अपने कार्यक्रमों/उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त जनपदों से किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं समस्त जनपदों से विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ही आमजन द्वारा भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी की गयी। वसंतोत्सव में आमजन के खान-पान की सुविधा के लिए विभाग द्वारा गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी विभिन्न संस्थाओं द्वारा फूड कोर्ट में मिलेट्स पर आधारित विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए थे। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव राज्यपाल श्रीमती रीना जोशी, निदेशक उद्यान एस.एल. सेमवाल सहित उद्यान विभाग के अधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे।







## सांस्कृतिक संध्या में बिखरे लोक संस्कृति के रंग, दर्शकों को मंत्रमुग्ध

देहरादून। लोक भवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव-2026 के प्रथम दिवस पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का मनोहारी प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में कुमाऊँनी छपेली लोकगीत "गोरख्या चेली भागुली", गढ़वाली लोकगीत "मेरा बाजू रंगा रंग बिचारी", जौनसारी छोड़े लोकगीत "को देश को बटोई", थारू जनजाति का "खेती-खलिहान" लोकगीत "देखो गांव के किनारे" तथा कुमाऊँनी बैठकी होली "मेरी नथ गढ़ दे" आदि रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। इन पारंपरिक गीतों एवं नृत्यों के माध्यम से उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और लोक जीवन का जीवंत चित्रण देखने को मिला। कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, उपस्थित जनसमूह ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव संस्कृति श्री युगल किशोर पंत, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती रीना जोशी, निदेशक उद्यान श्री एस.एल. सेमवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




## सीएम ने दी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना विकास के लिए 34.34 करोड की वित्तीय स्वीकृति

### नंदा राजजात और विकास कार्यों के लिए 3.08 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास और पंचायतीराज संस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया है। इसके अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने बहुप्रतीक्षित नंदा राजजात यात्रा-2026 के मार्गों पर सुविधाओं के विकास हेतु 3.08 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से यात्रा मार्ग में पड़ने वाले चमोली जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग और विश्राम गृहों का निर्माण किया जाएगा। स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार, विकासखण्ड थराली के शहीद भवानी दत्त इण्टर कॉलेज परिसर चौपड्यों में पार्किंग एवं विश्राम गृह निर्माण हेतु 71.67 लाख, विकासखण्ड कर्णप्रयाग के नौटी में 42.39 लाख की लागत से सरफेस पार्किंग, विकासखण्ड देवाल के जनता इण्टर कॉलेज सरकोट में पार्किंग, विश्राम गृह एवं शौचालय निर्माण के लिए 1.14 करोड़ तथा विकासखण्ड नारायण बगड़ के भगोती में पार्किंग निर्माण हेतु 79.56 लाख की स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों के अलावा मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण विकास को गति देने के लिए त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं को भी बड़ी सौगात दी गई है। 16वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त हेतु जिला पंचायत के लिए 13.74 करोड, क्षेत्र पंचायत हेतु 9.16 करोड़ एवं ग्राम पंचायत हेतु 66.51 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। कुल मिलाकर पंचायतीराज संस्थाओं को 89.41 करोड की धनराशि अन्तरित की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हो सकेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना विकास के लिए 34.34 करोड की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन भी मुख्यमंत्री ने दिया है। इसमें थराली विधानसभा के विकास खण्ड देवाल के देवाल बाजार के समीप बहुमंजिला पार्किंग निर्माण हेतु प्रथम चरण में 11.31 लाख और जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली में बस स्टॉप निर्माण हेतु 94.05 लाख शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर में सिल्ला-कांडई मोटर मार्ग के द्वितीय चरण के निर्माण कार्य हेतु 3.36 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुष मिशन की निर्माणाधीन योजनाओं हेतु राज्य आकस्मिकता निधि से 27 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उम्मेदपुर, रामनगर आवासीय परियोजना में पेयजल योजना हेतु 2.43 करोड स्वीकृत किए गए हैं। पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में नैनीताल नगरपालिका परिषद् क्षेत्रान्तर्गत नर्सरी स्कूल माल रोड की मरम्मत हेतु 3.44 लाख और ऐशडेल स्कूल की मरम्मत हेतु 45 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के टनकपुर में निर्मित स्टेडियम का नाम स्व० कैलाश गहतोड़ी के नाम पर रखे जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया है।



## सीएम ने बिन्दुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाने की घोषणा को किया पुनर्जीवित


देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लालकुआं के विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट के अनुरोध पर विधानसभा क्षेत्र लालकुआं के अंतर्गत बिन्दुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाए जाने संबंधी विलोपित की गई घोषणा को पुन: जीवित किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत विधानसभा क्षेत्र लालकुआं स्थित ग्राम बिन्दुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाए जाने की घोषणा की गई थी। इसके क्रियान्वयन और पूर्ति के संबंध में उक्त क्षेत्र और ग्राम वन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित होने के कारण वन विभाग के स्तर से भारत सरकार की अनापत्ति प्राप्त करने के उपरांत ही शासन द्वारा नीतिगत निर्णय लिया जाना है। इसमें अनेक प्राविधान हैं, जिसमें समय लगने की पूर्ण संभावना के दृष्टिगत दिनांक 01.07.2025 को मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए उच्चादेशानुसार उक्त घोषणा को राजस्व विभाग की सूची से विलोपित किए जाने हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय से अनुरोध किया गया था, जिसके बाद उक्त घोषणा को विलोपित कर दिया गया था। अब मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र लालकुआं स्थित ग्राम बिन्दुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाया जाएगा संबंधी घोषणा को पुनर्जीवित किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

गूलरभोज (उद संवाददाता)। लालकुआं से काशीपुर की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग 1:30 बजे पैसेंजर ट्रेन संख्या 55309 गूलरभोज से लालकुआं-काशीपुर मार्ग पर जा रही थी। जैसे ही ट्रेन भाखड़ा पुल के समीप पहुंची, तभी एक व्यक्ति अचानक रेलवे ट्रैक पर आ गया। ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण चालक उसे बचा नहीं सका और वह इंजन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सवारी गाड़ी के मैनेजर विकास पचौरी ने घटना की जानकारी देते हुए शव को गूलरभोज स्टेशन मास्टर अशोक कुमार को सौंप दिया। रेलवे अधिकारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए। शिनाख्त के दौरान पता चला कि मृतक राजू सिंह पुत्र मलखे सिंह, माजरा भूप सिंह थाना दिनेशपुर का निवासी था। मृतक की पहचान उसकी पत्नी सोमवती ने की।

# मिलावटखोरी राकने के लिए सघन चेकिंग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी होली के त्यौहार के दृष्टिगत सचिव स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त उत्तराखंड सचिन कुर्वे द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को जिले में मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा उपायुक्त कुमाऊं मंडल डॉक्टर राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में विभाग की अलग-अलग टीमों ने जसपुर और किच्छा क्षेत्र में छापेमारी की।खाद्य सुरक्षा उपायुक्त डॉक्टर राजेंद्र सिंह कठायत, सहायक आयुक्त ललित मोहन पाण्डे और वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा साह की टीम ने जसपुर क्षेत्र के मुख्य बाजार, रायपुर और धरमपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने मावा निर्माताओं से मावे के 03 नमूने, दुग्ध डेयरी से दूध के 03 नमूने और मिष्ठान निर्माता से बर्फी का 01 नमूना लिया। दूसरी ओर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर आशा आर्या की टीम ने किच्छा क्षेत्र में छापेमारी की कार्यवाही की। यहाँ से मावे का 01, मावा बर्फी का 01, दूध का 01, चिप्स का 01 तथा काबुली चना, चना दाल, राजमा, अरहर और मूंग दाल का एक-एक नमूना लिया गया।प्रवर्तन टीम द्वारा कुल 16 नमूने एकत्र किए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने और मानकों के अनुरूप ही खाद्य सामग्री का निर्माण व विक्रय करने के निर्देश दिए गए।विभाग ने सभी कारोबारियों को निर्देशित किया है कि बिना लाइसेंस या पंजीकरण के व्यापार करने और मानकों का उल्लंघन करने पर विधिक कार्यवाही होगी। साथ ही खाद्य पदार्थों के क्रय बिलों पर एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर अंकित होना अनिवार्य है। टीम ने बाहर के राज्यों से केवल पंजीकृत विक्रेताओं से ही माल खरीदने और दैनिक रिकॉर्ड रखने को कहा है। विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि सामग्री खरीदते समय निर्माण तिथि और लाइसेंस अवश्य देखें तथा किसी भी अस्वास्थ्यकर सामग्री की शिकायत टोल फ्री नंबर 18001804246 पर करें। अभियान दल में डॉक्टर राजेंद्र सिंह कठायत, ललित मोहन पाण्डे, अपर्णा साह, आशा आर्या और पंकज कुमार सम्मिलित रहे।


# पञ्चांग अनुसार व्रत त्यौहार मनाने का लिया गया निर्णय

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर के संरक्षण में संचालित श्री लक्ष्मी नारायर मंदिर रुद्रपुर में से प्रकाशित होने वाली व्रत त्यौहार तालिका के सम्बन्ध में सभी व्रत त्यौहार की तिथि पर गहन विचार करने हेतु क्षेत्र के प्रतिष्ठित ज्योतिष विज्ञ विद्वान पंडितों की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पूरे वर्ष में होने वाले त्यौहार पर्व पर विचार कर तिथि, दिनांक तथा समय का निर्णय किया गया। विद्वान पंडितों एक पुरोहितों ने सर्व सम्मति से निर्णय किए गए। जिसमें समय पर ही पंचांग अनुसार व्रत-त्यौहार मनाने का निर्णय किया है। यह व्रत त्यौहार तालिका सर्वधा क्षेत्र की जनता के लिए उपयोगी एक सर्वमान्य है। बैठक में सम्मानित पुरोहितों के अतिरिक्त उपस्थित जनों में सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय विरमानी एंव अन्य सभा के सभी सदस्य उपस्थित होकर विद्वानों का स्वागत किया पंचांग निर्णय पर अपनी सहमति व्यक्त की।



# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने पर मीना शर्मा ने जताई गहरी चिंता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान रुद्रपुर में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली हालिया घटना की तीव्र शब्दों में निंदा की है। उन्होंने शहर की स्थिति पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज मेरे रुद्रपुर को यह क्या हो गया है और हमारे मजबूत भाईचारे को आखिर किसकी नजर लग गई है।कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने कहा कि देश में सभी जाति और धर्म के लोगों को अपने-अपने धर्म के अनुसार पूजा करने का अधिकार है और यह हम सभी का संवैधानिक अधिकार भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पुरानी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पहले भी रुद्रपुर में गौकशी जैसी घटनाओं के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जाता रहा है। रुद्रपुर में सांप्रदायिक दंगे कराए गए और मजबूत भाईचारे को क्षति पहुंचाई गई, जिससे शहर के लोग आज तक पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं।मीना शर्मा ने शासन और प्रशासन से अपील की है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि शहर का सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बना रहे। उन्होंने जनता से भी शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार के बहकावे में न आने की अपील की है।



# विराट हिंदू सम्मेलन में संतों ने धर्म और राष्ट्रहित के प्रति किया जागरूक

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित के प्रति जनसमूह को जागरूक करने के लिए संतों द्वारा ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन दिए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सम्मेलन के मुख्यवक्ता पीठाध शिवर दुधिया मंदिर रुद्रपुर संत शिवानन्द जी महाराज एवं लाल गुरुद्वारा अमृत सागर डेरा भजनगढ़ साहिब के महंत श्री विक्रमजीत सिंह जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए धर्म और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक सुभाष खुराना, कोषाध्यक्ष कशिश खुराना, सह-संयोजिका सुनीता बजाज, संयोजक उमेश चौहान, मनीष सेतिया, प्रमोद बजाज एवं राजेन्द्र पाल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, विधायक अरविंद पांडे, गूलरभोज पंचायत अध्यक्ष सतीश, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ज्योति ग्रोवर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों में श्री सनातन धर्म मंदिर सभा अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, वरिष्ठ भाजपा नेता रविन्द्र बजाज, अशोक हुडिया, प्रीत ग्रोवर, कश्मीर कम्बोज, सोनू गुम्बर, सोमनाथ छाबड़ा, विनोद चुघ, जीवन जोशी, सोनू विश्वास, आकाश कोचर, सुरेश खुराना, संतोष गुप्ता, दीपक ढींगड़ा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफल हुए सम्मेलन के लिए आयोजकों ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



# भारत विकास परिषद का संगीतमय होली मिलन समारोह संपन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद, शाखा शहीद ऊधम सिंह, रुद्रपुर द्वारा स्थानीय होटल सोनिया में संगीतमय होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के महापौर विकास शर्मा उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिसके बाद परिषद के सदस्यों और अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष विनय बंसल ने की। अपने स्वागत उद्बोधन में विनय बंसल ने परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन सचिव निखिल कालड़ा ने किया, जिन्होंने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से कार्यक्रम में समां बांधे रखा। इस दौरान आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में लोक कलाकारों और परिषद सदस्यों द्वारा प्रस्तुत होली गीतों और नृत्य ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।समारोह को सफल बनाने में सचिव निखिल कालड़ा, कोषाध्यक्ष डॉ सुरेश छाबड़ा, संयोजिका महिला सहभागिता श्रीमती शिखा हुड़िया की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में संरक्षक नितिन भल्ला, सुनील ठुकराल, अजय चड्ढा, उज्वल गग्नेजा, रवि खंडेलवाल, निशांत ढ्ला, सौरव बाँगा, रवि सिडाना, अमित जिंदल, अजय अग्रवाल, गुरबाज सिंह चावला, संचित नारंग, शरद गर्ग और सुशील नारंग सहित परिषद के अन्य सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में शाखा संरक्षक नितिन भल्ला द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।



# जीएसटी विवादों का निबटारा अब होगा हल्द्वानी में: गोल्डी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश जीएसटी प्रभारी डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने उत्तराखंड सरकार द्वारा कुमाऊँ मंडल के व्यापारियों के लिए अब जीएसटी विवादों के निपटान हेतु देहरादून के चक्कर लगाने से बचाते हुए कारोबारी की सुविधा हेतु हल्द्वानी में जीएसटी टर्मिनल की राज्य पीठ स्थापित करने के लिए कैबिनेट से जो मंजूरी प्रदान की गई है ,वह अपने आप में हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया जीएसटी परिषद में व्यापारियों के टैक्स विवादों का न्यायालय से बाहर निपटारा करने के लिए सभी राज्यों में जीएसटी टर्मिनल का गठन करने का आदेश दिया था, इसके अंतर्गत गत जुलाई 2024 में उत्तराखंड में अपील अधिकरण के राज्य पीठ देहरादून में स्थापित की गई थी, इससे कुमाऊँ मंडल के व्यापारियों को अपने विवादों के निपटान हेतु देहरादून के अनावश्यक रूप से चक्कर लगाने पड़ते थे। क्योंकि हमारे राज्य की भौगोलिक विषम स्थिति कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के दो भागों में बटी हुई है। डॉक्टर गोल्डी ने कहा सरकार ने एक अच्छा निर्णय लिया है कि कुमाऊँ मंडल के विवादों का निपटारा हल्द्वानी में हो जाएगा और गढ़वाल मंडल के विवादों का निपटारा देहरादून में हो जाएगा। इसके लिए डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का विशेष रूप से आभार भी व्यक्त किया है। विदित है कि देहरादून में टर्मिनल की स्थापना के बाद व्यापारी नेता डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कुमाऊं मंडल में भी जीएसटी टर्मिनल की स्थापना हेतु अनुरोध किया था, जो वर्तमान में धरातल में सफल हो गया।



# घर पर पहुंचकर गाली-गलौच व जान से मारने की दी धमकी

किच्छा। घर पर पहुंचकर गाली-गलौच, अपहरण और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में रूद्रपुर रोड निवासी प्रकाश चन्द पुत्र स्व. प्यारे लाल ने कोतवाली किच्छा में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित केअनुसार 27 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:15 बजे हाजी इदरीश कुरैशी निवासी सिरौलीकलां अपने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के साथ उनके घर के सामने एकत्र हुआ। आरोप है कि हाजी इदरीश उनके घर पर आया और दरवाजे के पास मौजूद उनकी पत्नी शोभा गोयल से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनके पुत्र और पति को उठाकर ले जाने तथा जान से मारने की धमकी दी। साथ ही यह भी कहा कि वह परिवार पर लगातार नजर रखे हुए है।घटना से घबराकर शोभा गोयल ने तुरंत दरवाजा बंद कर अपने पति को पूरी जानकारी दी। प्रकाश चन्द ने तहरीर में बताया कि उनका और हाजी इदरीश का लेन-देन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। उनके अनुसार हाजी इदरीश पर उनकी बड़ी धनराशि बकाया है। इस मामले में कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन आरोपी पंचायत में अपनी बात सिद्ध नहीं कर सका और बाद में आना बंद कर दिया।प्रार्थी ने आशंका जताई है कि आरोपी मौका पाकर उनके या उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है। उन्होंने पुलिस से तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अग्रवाल महिला समिति का होली मिलन समारोह एक मार्च को

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महिला समिति रुद्रपुर द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली पर्व पर आयोजित किया जाने वाला होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग व कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया ने बताया कि कल एक मार्च दिन रविवार को सायं चार बजे से यह समारोह श्री अग्रवाल सभा भवन में प्रारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान पांच राउंड अंताक्षरी धमाल के आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मूर्खाधिराज महिला का चयन कर उसे विशेष आकर्षक ढंग से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया समारोह में होली टाइटल व तंबोला के बंपर प्राइस आकर्षक का केंद्र होंगे। होली धमाल कार्यक्रम शुभम सक्सेना व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल व महामंत्री प्रिया गर्ग ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमति रूबी सिंघल, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमति अंजू बंसल होंगी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल महिला समिति, किच्छा की पूर्व अध्यक्षा दीपा गोयल द्वारा की जाएगी। समारोह को सफल बनाने में श्री अग्रवाल सभा रुद्रपुर के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन लोहिया व कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता के साथ ही अग्रवाल युवा संगठन रुद्रपुर के अध्यक्ष श्रीओम अग्र, महामंत्री अनुज अग्रवाल व कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल साथियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल ने समाज की सभी महिलाओं से कल एक मार्च को सायं चार बजे श्री अग्रवाल सभा भवन में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

# ट्रांजिट कैंप से किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के ठाकुर नगर से एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो पीड़िता की मां ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई तहरीर में ठाकुर नगर निवासी सुमन पत्नी जितेन्द्र पाल ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री राखी बीते 17 फरवरी 2026 की रात्रि लगभग 10:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश अपनी सभी संभावित जगहों और रिश्तेदारी में की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# होली का पर्व सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक

चंपावत(उद संवाददाता)। लोहाघाट के रामलीला मैदान में आयोजित काली कुमाऊँ होली रंग महोत्सव में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली गायन के साथ जनसमूह के साथ होली गायन में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान के आधार स्तंभ हैं और चम्पावत के काली कुमाऊँ की होली अपनी विशिष्ट और पारम्परिक होली गायन के लिए विशेष स्थान रखती है। उन्होने कहा होली समारोह जैसे आयोजन हमारी समृद्ध विरासत को संजोने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। चम्पावत में आधुनिक परिवेश के बीच भी पारंपरिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखना सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे महोत्सव सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेलकर उत्सव की खुशियों को साझा किया और सभी प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण होली की मंगलकामनाएं दीं।इस दौरान माननीय सांसद (लोकसभा) एवं भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, दर्जा मंत्री श्याम नारायण पांडे, जिला पंचयात अध्यक्ष आनंद अधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, प्रेमा पांडे, सहित मुकेश कलखुड़िया, सुभाष बगोली, हिमेश कलखुड़िया, निर्मल महरा, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी. एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





# अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी की थाना प्रभारियों को फटकार

## सराहनीय कार्य करने वाले 39 पुलिसकर्मी पुरस्कृत, 14 मेधावी छात्राों को दी स्कॉलरशिप राशि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ० मंजूनाथ टी०सी० द्वारा कोतवाली मीटिंग हॉल में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद की कानून व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं और आगामी त्योहारों को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए। गोष्ठी से पूर्व एसएसपी ने कर्मचारी सम्मेलन के माध्यम से पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। बैठक में एसएसपी ने स्पष्ट किया कि यदि क्षेत्र में अपराध होता है, तो बीट कॉन्स्टेबल से लेकर हल्का प्रभारी तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा ड्यूटी के दौरान मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग करने और कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध श्नो वर्क नो पेश की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने महिला अपराध , साइबर ठगी और नशे के विरुद्ध अभियानों में तेजी लाने के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों की निरंतर निगरानी और सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने बताया नशे में ड्राइविंग, स्टंट और ओवरस्पीडिंग पर जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। रात्रि चेकिंग में एल्कोमीटर का अनिवार्य प्रयोग होगा। आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने हेतु एसएसपी ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। जिनमें जबरन रंग लगाने, शराब पीकर उत्पात मचाने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर तत्काल कठोर कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखने के लिए सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया गया है। होली ड्यूटी में महिला पुलिसकर्मियों को पिकेट, मोबाइल और पैदल गश्त (चीता) में विशेष रूप से तैनात किया जाएगा। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। गोष्ठी के दौरान एसएसपी ने सराहनीय कार्य करने वाले 39 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें उनि दामोदर कापडी, हेकानि संजय सुयाल, कांस्टेबल आर्मोरर गोकुल धपोला, सुनील टम्टा, फायरमैन नीरज बालियान, फायरमैन विपिन कम्बोज, फायरमैन त्रिलोक बिष्ट, का. संजय नेगी, गोविन्द मेहरा, अमित ठाकुर, दीपक रौतेला, बलवन्त बिष्ट, एसओ जगदीप सिंह नेगी, उनि सोमेन्द्र सिंह, उनि केवल राम, उनि गौरव जोशी, उनि मोहन सौन, अउनि दान सिंह, का. हिमांशु गुणवंत, अनुचर अमित, का. विवेकानन्द, हेकानि. अभिसूचना सुरेन्द्र बथियाल, का.शेखर सिंह विष्ट, का. महबूब आलम, अमित कुमार, एएसआई (एम.) सुलेमान, दफ्तरी दान सिंह, का.दीपक कुमार, हेकानि. देवेन्द्र सिंह सामन्त, का. दीप चन्द्र, का. विनोद आर्या, खड़क सिंह, तारा कम्बोज, महबूब अली, हेकानि. त्रिलोक रौतेला, हे.का. बिशन राम, का. चालक बसन्त कुमार, चन्दन सिंह नेगी, हेकानि. पीटी गौरव कोहली शामिल रहे। इसके अलावा पुलिस परिवार के 14 मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कॉलरशिप राशि प्रदान की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मेधावी विद्यार्थियों में नवनीत तिलारा, रोहित नाथ गोस्वामी, अंजली फर्त्याल, नम्रता राणा, तनीश राणा, तनवी रौतेला, हिमांशी चंद्र, कनक सैनी, कृषिका पांडे, मयंक सिंह, नमन सिंह मर्तोलिया, देवांश बिष्ट, तनुजा भट्ट तथा आदित्य शर्मा शामिल हैं। एसएसपी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। होली का पर्व शांतिपूर्ण मनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गोष्ठी के दौरान एसपी नैनीताल डॉ०जगदीश चन्द्र, एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, सीओ (प्रशिक्षु) विनय सिंह, सीओ (प्रशिक्षु) अंकित थपलियाल, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, निरीक्षक एलआईयू ज्ञानेंद्र शर्मा, राजकुमार बिष्ट प्रतिसार निरीक्षक पुलिस दूरसंचार समेत सभी थाना, चौकी, शाखा, यातायात, सीपीयू प्रभारी, पीएसी प्रभारी, एसडीआरएफ प्रभारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।





# बंगाली समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री के आभार के साथ बंग भवन की उठाई मांग

रुद्रपुर। बंगाली समाज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा समाज के उत्थान के लिए लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम में महापौर विकास शर्मा से भेंट की और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महापौर ने बंगाली समाज को भाजपा का अभिन्न अंग बताते हुए विश्वास दिलाया कि उनके हितों और विकास की योजनाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और समाज की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में विशेष रूप से 14 फरवरी 2026 को सरस मेले के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा का उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने बंगाली समाज के कल्याण के लिए समर्पित श्री गुरुचांद ठाकुर स्मृति




सहायता कोष की राशि को 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर सीधे 10 करोड़ रुपये करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। समाज के प्रबुद्ध जनों का मानना है कि इस उदार एवं दूरदर्शी निर्णय से न केवल वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग की उन्नति होगी, बल्कि समाज के मेधावी बच्चों की शिक्षा का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इस ऐतिहासिक वृद्धि के लिए बंगाली समाज ने मुख्यमंत्री के प्रति हृदय से कृतज्ञता प्रकट की है।आभार व्यक्त करने के साथ ही समिति ने मुख्यमंत्री का ध्यान लंबित मांग की ओर भी आकर्षित किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों में बंगाली समाज की सघन जनसंख्या को देखते हुए सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक 'बंग भवन' की नितांत आवश्यकता है। 14 अगस्त 2023 को आयोजित 'विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम' के दौरान स्वयं मुख्यमंत्री ने बंग भवन के निर्माण की घोषणा की थी, किंतु प्रशासनिक शिथिलता के कारण पिछले दो वर्षों से भूमि आवंटन की प्रक्रिया अभी भी लंबित है। समाज ने मुख्यमंत्री से इस प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराकर निर्माण कार्य शुरू कराने का विनम्र निवेदन किया है।महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि धामी सरकार बंगाली समाज के गौरवमयी इतिहास और उनकी वर्तमान आवश्यकताओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बंग भवन का निर्माण समाज की सांस्कृतिक पहचान के लिए आवश्यक है और वह व्यक्तिगत रूप से शासन स्तर पर पैरवी कर भूमि आवंटन की बाधाओं को दूर कराने का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति और श्री गुरुचांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


# सात वारंटियों को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में की गई प्रभावी कार्रवाई के दौरान कुल सात वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।अभियान के अंतर्गत कोतवाली जसपुर पुलिस ने बीएनएस से संबंधित वाद में न्यायालय से जारी वारंट की तामीली करते हुए वारण्टी फरमान पुत्र असलम निवासी बड़ियोवाला को उसके घर से गिरफ्तार किया। वहीं कोतवाली काशीपुर पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को दबोचा। गिरफतार अभियुक्तों में जमील पुत्र अफजाल निवासी चौखे



का मझरा धीमरखेड़ा (धारा 379/411 भादवि) तथा अंकुर भटनागर पुत्र रजनीश कुमार भटनागर निवासी ढकिया गुलाबो (धारा 138 एनआई एक्ट) शामिल हैं।इसी कड़ी में थाना केलाखेड़ा पुलिस ने सबसे बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों में गौरव पुत्र विनोद निवासी बरवाला, विशाल सिंह पुत्र रेशम सिंह, वीर सिंह पुत्र जसवंत सिंह तथा सुखविंदर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी रमपुरा काजी शामिल हैं। पुलिस ने सभी गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। ऊधम सिंह नगर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि न्यायालय से जारी वारंटों की तामीली एवं अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।







# होली समृद्ध लोक परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक: धामी

## खटीमा होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, मुख्यमंत्री ने जनसमुदाय संग साझा की उत्सव की खुशियां

खटीमा।सनातन धर्मशाला रामलीला मैदान, खटीमा में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली तथा थारू होली गायन में भाग लेकर जनसमुदाय के साथ उत्सव की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान के सशक्त आधार हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव, समरसता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा खटीमा मेरा घर है और खटीमावासी मेरा परिवार है। अपने





परिवारजनों के बीच आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध विरासत को संजोने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि महिला शक्ति के बिना कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है तथा इसी दिशा में यूसीसी लागू की गई है। उन्होंने कहा कि खटीमा सर्वधर्म समभाव का प्रतीक है और 'मिनी इंडिया' के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां सभी धर्मों, समुदायों और संगठनों के लोग प्रेम, एकता और सौहार्द के साथ रहते हैं तथा सभी पर्वों को मिल-जुलकर मनाते हैं। आधुनिक परिवेश के बीच भी खटीमा में पारंपरिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखना अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने सभी से आह्वान किया कि हम सब मिलकर खटीमा, प्रदेश और देश की उन्नति के लिए कार्य करें तथा आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दें। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे महोत्सव सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों के साथ होली खेलकर उत्सव की आनंदमयी भावना को और प्रगाढ़ किया तथा समस्त प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री मंजीत सिंह, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडे, महासचिव रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, गम्भीर सिंह धामी, सतीश भट्ट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।







# जीवन में खेलों की अहम भूमिका: विकास शर्मा

## देवस्थली विद्यापीठ में स्पोर्ट्स कार्निवाल का समापन,महापौर ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देवस्थली विद्यापीठ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स कार्निवाल 2026 का समापन उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में महापौर विकास शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। महापौर के आगमन पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक मनीन्द्र सिंह कोश्यारी, कार्यकारी निदेशक आर. सी. चौधरी और परिसर निदेशक डॉक्टर सी. एस. मेहता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने कहा कि खेलों का हमारे मानसिक एवं शारीरिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में शारीरिक सक्रियता कम हो रही है, ऐसे में इस तरह के खेल आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर साबित होते हैं।




महापौर ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार उत्तराखण्ड को खेल भूमि के रूप में विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। रूद्रपुर नगर निगम भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही शहर में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स स्थापित करने जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी प्रदान की।चार दिवसीय स्पोर्ट्स कार्निवाल में टग ऑफ वार (रस्सा-कस्सी), कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, वॉलीबॉल, दौड़, शतरंज, कैरम और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल अधिकारी बी.सी. कुलेठा, अंकुर काण्डपाल, निलेश विलसन और नवीन मेहता ने परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों की टग ऑफ वार में ग्रीन हाउस और छात्राओं में ब्लू हाउस विजयी रहा। कैरम में छात्रों में ब्लू हाउस और छात्राओं में यलो हाउस ने बाजी मारी। शतरंज में छात्रों और छात्राओं दोनों वर्गों में ब्लू हाउस का दबदबा रहा। कबड्डी में छात्रों और छात्राओं के मुकाबले में ग्रीन हाउस विजेता बना। बैडमिंटन में छात्रों में रेड हाउस और छात्राओं में ग्रीन हाउस ने जीत दर्ज की। दौड़ में छात्रों में यलो हाउस और छात्राओं में रेड हाउस प्रथम रहे। वॉलीबॉल में छात्रों में यलो हाउस और छात्राओं में ग्रीन हाउस विजयी रहा। क्रिकेट में छात्रों के मुकाबले में ग्रीन हाउस तथा खो-खो में छात्रों में रेड हाउस और छात्राओं में यलो हाउस ने जीत हासिल की।पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रीन हाउस ओवरऑल चैंपियन बना। अंतिम दिन टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के बीच हुए रोमांचक क्रिकेट मैच में टीचिंग स्टाफ 7 विकेट से विजयी रहा। इस गरिमामयी समारोह में कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉक्टर हिमांशु जोशी, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉक्टर सपना दास, बी.एड. विभाग के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार वशिष्ठ, बी.बी.ए. विभाग की प्रमुख डॉक्टर वन्दना टम्टा, एचआर प्रमुख सारिका श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्थित रहे।







# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पंतनगर की छात्राओं ने लहराया परचम

## पराली से सेनेटरी पैड बनाने के नवाचारी शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिला द्वितीय स्थान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मेलन 'अन्वेषण 2025' में सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने से पूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय स्तर एवं जोनल स्तर की चयन प्रक्रिया में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में छात्राओं ने "एशेज टू ऐड - पराली से सेनेटरी पैड निर्माण" विषय पर आधारित अपना नवाचारी शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस शोध का मुख्य उद्देश्य फसल अवशेष यानी पराली का उपयोग सेनेटरी पैड



निर्माण में कच्चे माल के रूप में करना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ अपशिष्ट प्रबंधन की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण, सटीक तार्किक विश्लेषण और सामाजिक रूप से प्रासंगिक अवधारणा के माध्यम से छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्राओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय अलका गोयल, जोनल समन्वयक दीपा विनय एवं जोनल सह-समन्वयक आर. एस. जादौन ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके नवाचारी चिंतन और समर्पण की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं की मार्गदर्शक मनीषा रानी के सतत सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन को इस शानदार सफलता की मजबूत नींव बताया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सीबीआई की छवि

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है। गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे।सवाल है कि देश की सबसे महत्त्वपूर्ण एजंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे। लिहाजा अदालत ने मामले को रद्द कर दिया और सभी तेईस आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी सीबीआइ के लिए बेहद असुविधाजनक होनी चाहिए कि उसने केवल अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों के दौरान ईडी और सीबीआइ पर किसी खास मंशा से ग्रस्त होकर या अप्रत्यक्ष रूप से किसी के इशारे पर काम करने के आरोप कई बार लगे हैं। इसकी गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इन एजंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट को भी कई बार सख्त टिप्पणियां करनी पड़ीं। शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा था कि ये एजंसियां गवाहों से लेकर आरोपियों तक के मामले में भेदभावकारी नीति अपनाती हैं। मगर हैरानी की बात है कि विपक्षी दलों से लेकर अदालतों की ओर से बार-बार सवाल उठाए जाने के बावजूद ईडी और सीबीआइ के काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा। इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि ईडी की ओर से जितने भी मामले दर्ज किए जाते हैं, उसमें दोषसिद्धि की दर कितनी है और ऐसा क्यों है।

# ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी नष्ट, एक कुंतल बीज जब्त



गदरपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर तथा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में, ग्रीष्मकालीन धान की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। आज उपजिलाधिकारी रिचा सिंह की अध्यक्षता में तहसीलदार लीना चंद्रा, राजस्व टीम और कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से तहसील के मदनापुर और बरीराई क्षेत्र में अवैध नर्सरी को नष्ट किया गया।मदनापुर क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान, टीम ने 0.151 हेक्टेयर भूमि पर लगाई गई ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी को नष्ट कर दिया। साथ ही, मौके से पौध लगाने के लिए रखे गए लगभग एक कुंतल बीज को भी जब्त कर लिया गया।वहीं, बरीराई क्षेत्र में 0.405 हेक्टेयर भूमि पर बोई गई धान की पौध को नष्ट करने के दौरान टीम को स्थानीय ग्रामीणों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने उन्हें कानून की स्थिति समझाई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ग्रीष्मकालीन धान लगाने की अनुमति केवल उन्हीं क्षेत्रों में है, जहाँ भूमि दलदली होने के कारण कोई अन्य फसल हो पाना संभव नहीं है।किसानों द्वारा अंत में प्रशासन को लिखित में एक शपथ पत्र दिया गया। किसानों ने सहायक कृषि अधिकारी अनिल अरोड़ा को दिए शपथ पत्र में वादा किया कि यदि 7 मार्च तक शासन से उन्हें ग्रीष्मकालीन धान लगाने की अनुमति प्राप्त नहीं होती है, तो वे स्वयं पौध को नष्ट कर देंगे या प्रशासन द्वारा नष्ट करने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बिना अनुमति के ग्रीष्मकालीन धान बिल्कुल न लगाएं।

# सोहार्द बनाने का किया आहवान

सितारगंज।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस ने रमजान और होली त्यौहार के मद्देनजर आमजन से शांति और सौहार्द बनाए रखने का आहान किया। मीटिंग में सभी वर्ग, धर्म और संप्रदाय के व्यक्तियों शामिल हुए। आगामी होली पर को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु लोगों के सुझाव लिए गए तथा त्योहार



को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। मीटिंग में तहसील प्रशासन व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर कोतवाल सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह मुनियाल, अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली, विद्युत विभाग के अवर अभियंता महेंद्र सिंह, हाजी शमशुल हक मलिक, सरदार लक्खा सिंह, भाजपा नेता महेश मित्तल, भीमसेन गर्ग, पूर्व प्रधान रहीमुद्दीन अंसारी, शक्ति त्रिपाठी, फैसल अंसारी, मौलाना सलीम रिजवी, बीना साहू, नरेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

# काशीपुर वासियों संग मुख्यमंत्री कल खेलेंगे होली

काशीपुर। निगम प्रशासन के द्वारा आयोजित रंगोत्सवष्कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को अपराहन नगर निगम प्रांगण में काशीपुर के गणमान्य नागरिकों के साथ रंगों के पर्व को धूमधाम से मनाएंगे। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से यह जानकारी महापौर दीपक बाली ने दी। कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम प्रांगण में पत्रकारों से



बातचीत करते हुए महापौर ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को 11:00 बजे निगम प्रांगण में काशीपुर वासियों के साथ होली खेलेंगे। उन्होंने बताया कि रंगोत्सव के इस कार्यक्रम में फूलों की होली के अलावा फागुनी गीतों की धुन पर आयोजन को और बेहतरीन बनाने के लिए नामी गिरामी कलाकारों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। महापौर ने क्षेत्र की जनता से अपील किया है कि वह निध ारित समय पर आयोजन स्थल पर पहुंच कर रंगोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क और चौकन्ना हो गया है। अपराह्न बाद तक कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई। सुरक्षा के लिहाज से जिले के तमाम थानों से पर्याप्त मात्रा में फोर्स बुलाई गई है। उधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर खुफिया एजेंसियां सजग है।

# पंतनगर कृषि विवि के कुलपति मनमोहन सिंह के कार्यकाल में छह माह का विस्तार

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान को छह महीने का विस्तार दिया गया है। प्रोफेसर चौहान का छह माह का कार्यकाल 28 फरवरी 2026 को पूर्ण हो रहा है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा लिया गया है। इस विस्तार के साथ प्रोफेसर चौहान 1 मार्च 2026 से अगले छह माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति या अग्रिम आदेश तक, जो भी पहले हो, विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। इस कदम से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में निरंतरता सुनिश्चित होगी।निदेशक संचार डॉक्टर जे.पी. जायसवाल ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने अपना प्रथम तीन वर्ष का कार्यकाल 29 अगस्त 2022 से 28 अगस्त 2025 तक अत्यंत सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके बाद उन्हें छह माह का विस्तार 29 अगस्त 2025 से 28 फरवरी 2026 तक राज्यपाल और कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा



दिया गया था। कुलपति के तीन वर्ष छह माह के कार्यकाल में शैक्षणिक शोध और प्रसार की गतिविधियों में चौमुखी विकास हुआ, वहीं मूलभूत नई संरचनाएं बनीं और पुरानी अवस्थापनाओं का नवीनीकरण भी हुआ। इस अवधि में तीन दीक्षांत समारोह आयोजित हुए जिसमें देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ।उनके कार्यकाल के दौरान कुल सात किसान मेलों का सफल आयोजन हुआ जिससे देश एवं प्रदेश के किसान लाभान्वित हुए। 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन का उनके नेतृत्व में आयोजन बेमिसाल रहा जिसमें लगभग तीन हजार लोगों ने प्रतिभाग किया और नए कीर्तिमान स्थापित हुए। विश्वविद्यालय ने कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किए तथा बड़ी संख्या में पेटेंट दाखिल किए गए। कुलपति के कार्यकाल में ही विश्वविद्यालय को देश के 71 कृषि विश्वविद्यालयों में से सर्वप्रथम क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ और अन्य कई राष्ट्रीय स्तर के सम्मान प्राप्त हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने कुलपति को कार्यकाल विस्तार पर बधाई दी है।

# किच्छा-दरऊ सड़क मार्ग के हॉट मिक्स नवीनीकरण को 1.50 करोड़ की स्वीकृति

## विधायक बेहड़ के प्रयासों से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों से किच्छा विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य योजना के अंतर्गत किच्छा से दरऊ मार्ग के हॉट मिक्स द्वारा नवीनीकरण कार्य हेतु लगभग ६1.50 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। कुल 8.885 किमी लंबाई वाली इस सड़क की स्वीकृति क्षेत्र के नागरिकों के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है, जिससे लंबे समय से जर्जर हो चुके इस मार्ग का सुदृढ़ीकरण संभव हो सकेगा।तिलक राज बेहड़ ने अपने बयान में कहा कि किच्छा-दरऊ मार्ग क्षेत्र की प्रमुख संपर्क सड़कों में से एक है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग आवागमन करते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण आमजन, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि



इस सड़क के नवीनीकरण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। उनके पास लगातार जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों द्वारा इस मार्ग की दयनीय स्थिति को लेकर अनुरोध आ रहे थे। विधायक ने स्वयं भी कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और शासन स्तर पर इस विषय को प्रमुखता से उठाया। लगातार प्रयासों और अनुश्रवण के बाद आज इस महत्वपूर्ण मार्ग के नवीनीकरण की स्वीकृति मिल पाई है।बेहड़ ने आगे कहा कि हॉट मिक्स तकनीक से होने वाला यह नवीनीकरण कार्य सड़क को अधिक मजबूत, सुरक्षित और टिकाऊ बनाएगा। इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी, यात्रा समय घटेगा और परिवहन सुगम होगा। लगभग 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क के सुधरने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे व्यापार, कृषि गतिविधियों और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक बेहड़ ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र में अन्य आवश्यक सड़कों, पेयजल, विद्युत एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास को कायम रखना और क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# निर्माणाधीन महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण

लोहाघाट। जनपद चम्पावत के लोहाघाट क्षेत्र स्थित छमनिया में लगभग 256 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन राज्य के प्रथम महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएँ। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन फुटबॉल ग्राउंड, एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक सहित अन्य खेल मैदानों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही खिलाड़ियों हेतु 300 बालिकाओं की क्षमता वाले छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक, मल्टीपर्पज हॉल, ऑडिटोरियम एवं गेस्ट हाउस के निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि लोहाघाट में स्थापित हो रहा यह महिला स्पोर्ट्स कॉलेज प्रदेश की बेटियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएँ प्रदान करेगा। यहाँ विकसित की जा रही सभी खेल व्यवस्थाएँ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगी,





जिससे प्रदेश की महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान प्रशिक्षण, शिक्षा एवं आवास की समग्र व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए विशेष रूप से ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बालिकाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करेगा।इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री, सांसद अजय टम्टा, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# जरूरतमंद परिवारों को राशन और वस्त्र वितरित

गदरपुर (उद संवाददाता)। जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों तथा दिव्यांगों की सहायता के लिए समाजसेवियों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए 34 परिवारों को राशन किटों का वितरण किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी स. हरविंदर सिंह ग्रोवर एवं समाजसेवी लाल बादशाह के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष स. नरेंद्र सिंह ग्रोवर और मोक्ष धाम सेवा समिति के अध्यक्ष विजय सुखीजा द्वारा की गई।कार्यक्रम का संचालन करते हुए आयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया कि जागरूक नागरिकों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 34 परिवारों को राशन किटें वितरित की गई। स. हरविंदर सिंह ग्रोवर ने होली पर्व, ईद के त्यौहार और होला महल्ला की शुभकामनाएं प्रदान कीं। मोक्ष धाम समिति के अध्यक्ष विजय सुखीजा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा



कि समाज सेवा के कार्यों में जो सुकून प्राप्त होता है, वह अमूल्य है। उन्होंने कहा कि हम सभी को जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए एकजुट होकर प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह ग्रोवर और ज्ञान सिंह ने किया।इस अवसर पर सिलाई प्रशिक्षण में दक्ष ट्रेनर सहित सात बालिकाओं को विशेष पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर गुरु नानक स्कूल के पूर्व प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने स्कूल में शिक्षण कार्यों के दौरान किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को शिक्षण शुल्क में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। सरदार नरेंद्र सिंह ग्रोवर और सुरेंद्र सिंह ने अभिभावकों से बच्चों को गुरु नानक स्कूल में प्रवेश दिलवाकर शिक्षा ग्रहण कराने का आह्वान किया।इस मौके पर सरदार सिंह, हकीम जी, दलबीर सिंह, कुलदीप सिंह, भूपेंद्र कौर, प्रवीण, अनीता, रीना, सिमरन, पूनम, रफीकन, अलशिफा, नाजमा, बानो, राधा, सुभी, खुशबू, मनीषा, तनुजा, दीपा, सुमन, नंदिनी, ममता, शमा, अनीता राजमाला, प्रभा, नगमा, राधिका, आनंदी, शांति, काजल, सानिया, रामवती, रिजवाना, खैरुल, चंपा, ज्योति, गुड़िया, दीपा, अलसिफा, कासिम सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# नाम स्मरण से दूर होते हैं शारीरिक एवं आत्मिक दुख: बाबा अमरीक सिंह

गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाबगंज (उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश) में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में पंजाब के संगरूर जिला स्थित नगर शादी हरी से पध ारे बाबा अमरीक सिंह और उनके जत्थे ने संगतों को नाम स्मरण और परमात्मा की याद को हृदय में बसाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के भोग एवं अरदास के साथ किया गया।बाबा अमरीक सिंह ने प्रवचन करते हुए कहा कि मन को एकाग्र करके नाम का जाप करने से शारीरिक और मानसिक कष्टों का निवारण होता है। उन्होंने कहा कि हरि परमात्मा का स्मरण हमेशा अपने दिल में ताजा रखने से आत्मिक शांति प्राप्त होती है। कार्यक्रम के दौरान एक श्रद्धालु ने अपना संस्मरण साझा करते हुए बताया कि जब उन पर भारी विपत्ति आई थी, तब उन्होंने वाहेगुरु पर अटूट विश्वास रखकर अपने कार्यों के साथ-साथ निरंतर नाम जाप किया, जिसके फलस्वरूप उनकी मुसीबत टल गई। उन्होंने सभी संगतों से नित्य प्रति गुरबानी पाठ करने और प्रभु का स्मरण हृदय में धारण करने का आह्वान किया।गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज के मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह ने बाबा अमरीक सिंह एवं उनकी टीम को सम्मानित किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंची संगतों ने कीर्तन और गुरुमत विचारों का श्रवण किया और लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण कर अपनी आस्था प्रकट की। इससे पूर्व रागी भाई हरजीत सिंह ने गुरबानी कीर्तन और ग्रंथी भाई जसवीर सिंह ने गुरुमत विचारों से संगतों को निहाल किया।





## पेज एक का शेष...

**विकास के साथ विरासत को ...**नलकूप, बेलपोखरा नलकूप तथा बैलपडाव में सिचाई नलकूप का लोकार्पण के साथ ही महिला महाविद्यालय में लैब निर्माण, लालकुआ में नलकूपों पर स्टेबलाईजर एवं जलजीवन मिशन के अन्तर्गत 14 पेयजल योजनाओं में हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवलातल्ला, भवानसिंह नवाड, बसन्तपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेडा जयराम परमा, हल्दूचौड जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर,बकुटिया पेयजल योजना के साथ ही पशु चिकित्सालय रामगढ में भवन निर्माण सहित 23 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने जिन 16 योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें कसियालेख से धारी मोटर मार्ग, रानीबाग-खुटानी, चाफी-पदमपुरी-धानाचुली, मोतियापाथर- शहरफाटक मार्ग सुधारीकरण,नैनीताल के अनावासीय भवन निर्माण, भेंटी दियारी खोली मोटर मार्ग,नशा मुक्ति केन्द्र पाण्डे नवाड मरम्मर कार्य,नवाबी रोड सीवरेज कार्य,सीवरेज 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, नारीमन तिराहे से गौलापुर तक सडक मरम्मत, देवरामपुर गौलागेट सडक सुधारीकरण,हल्दूचौड गौलारोड डीबीएमस कार्य, चांदनी चौक घुडदौड तक मार्ग सुधारीकरण, पीपल पोखरा में र्साइ सटरिंग, हिम्मतपुर बैजनाथ पीसी कार्य,वृन्दावन विहार एवं चांदनी चौक में पीसी नवनिर्माण, गुसाईपुर में सडक सुधारीकरण एवं पनचक्की- चौफुला- कठघरिया नहर कवरिंग कार्यों शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमन्त्री घोषणा के अनुपालन में विशेष योजनांतर्गत सहायता कार्यक्रम में स्वीकृत, हल्द्वानी-काठगोदाम श्रोत एवं ट्रीटमेन्ट संवर्धन पेयजल योजनाष कार्य कुल लागत रू० 15443.00 लाख है, का भी भूमि पूजन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद नैनीताल-उधमसिंह नगर अजय भट्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल,विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा,नैनीताल सरिता आर्या, नैनीताल दायित्वध ारी अनिल कपूर डब्बू, मेयर गजराज बिष्ट,दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा,नवीन लाल वर्मा, दीपक महरा, रेनू अधिकारी,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, व कुमाऊँ आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल,एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी,मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे सहित अन्य मौजूद रहे।

**होली पर शांति भंग...**दिए हैं। इन क्षेत्रों में लगातार गश्त बढ़ाने और फ्लैग मार्च आयोजित करने को कहा गया है, ताकि जनता में सुरक्षा का भाव बना रहे। स्थानीय खुफिया तंत्र को सक्रिय रखते हुए प्रत्येक छोटी-बड़ी गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दौरान अवैध कच्ची शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने 7 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया है। सभी थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ दबिश देकर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि रात्रि 10 बजे के पश्चात डीजे के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में भड़काऊ या अशोभनीय गीतों के प्रसारण पर सख्त रोक होगी। उल्लंघन पाए जाने पर उपकरण जब्त करने और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैध ानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एल्कोमीटर के माध्यम से सघन चेकिंग अभियान चलेगा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।बैठक में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। होली के दौरान महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, जबरन रंग लगाने या छेड़छाड़ करने की घटनाओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अफवाह फैलाने वालों और भ्रामक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ भी आईटी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए हर थाने में वीडियोग्राफी टीम तैनात रहेगी। एसएसपी ने सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित कर गणमान्य नागरिकों, धार्मिक प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा है। कंट्रोल रूम होलिका दहन के समय प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर रिपोर्ट लेगा। एसएसपी ने दोहराया कि होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम ...**मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल के बेहद करीब होने के कारण खुफिया विभाग (एलआईयू) भी पूरी तरह सतर्क हो गया है और मामले की हर एंगल से मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच और फॉरेंसिक टीम द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर दम घुटने (सफोकेशन) से मौत की प्रबल संभावना जताई जा रही है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स का मानना है कि कार के शीशे बंद होने और लंबे समय तक एसी चलने से कार्बन मोनोऑक्साइड के रिसाव या ऑक्सीजन की कमी के कारण युवक का दम घुट गया होगा। फॉरेंसिक टीम ने कार के भीतर से फिंगरप्रिंट्स और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं ताकि किसी भी तरह की साजिश की संभावना को खारिज किया जा सके। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

**आधी राम में दबंगों का...**की भीड़ बढ़ते देख धमकी देते हुए वहां से भाग गये। इस घटना में कमल मंडल, पूजा मंडल, सुंदरी मंडल, बसंती मंडल, रूचि मंडल, विभुका मंडल, सुरेश मंडल, सपना राय, दीपाली मंडल, सुब्रतो मंडल, अनूप राय सहित कई लोगों को चोटें आ गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मामले की विस्तार से जानकारी ली। प्रात: मौहल्लेवासी ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने सामूहिक तहरीर देकर घटना की विस्तार से जानकारी दी। पुलिस ने उन्हे भरोसा दिया कि वहां आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा।

**डंपर की टक्कर से ...**के पिछले पहिये के नीचे आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही हृदयविदारक मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठी नेहा गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके सिर पर गंभीर चोटेंआई हैं। स्थानीय लोगोंकी मदद से घायल युवती को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**इंस्टाग्राम पर युवती...**अभद्र संदेश और एडिट की गई गंदी फोटो भेजी जा रही हैं। आरोपी द्वारा युवती पर अन्य फोटो भेजने का दबाव बनाया जा रहा है और मांग पूरी न होने पर फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। इस घटनाक्रम से युवती और उसका पूरा परिवार गहरे मानसिक तनाव और डर के साये में है। साक्ष्यों के तौर पर स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस ने अज्ञात आईडी और मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है और साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

# उत्तरांचल दर्पण, रूद्रपुर
## के प्रकाशन के सम्बन्ध में सूचना
## फार्म-4
### (नियम 8 देखिए)

| | |
|---|---|
| 1- प्रकाशन स्थान | रूद्रपुर( उधमसिंहनगर ) |
| 2- प्रकाशन अवधि | सान्ध्य दैनिक |
| 3- मुद्रक का नाम | परमपाल सुखीजा |
| क्या भारत का नागरिक है | हॉ |
| ( यदि विदेशी है तो मूल देश ) | XXXXXX |
| पता | श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर( उधमसिंहनगर ) उत्तराखण्ड |
| 4- प्रकाशक | परमपाल सुखीजा |
| क्या भारत का नागरिक है | हॉ |
| ( यदि विदेशी है तो मूल देश ) | XXXXXX |
| पता | श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर( उधमसिंहनगर ) उत्तराखण्ड |
| 5- सम्पादक का नाम | परमपाल सुखीजा |
| क्या भारत का नागरिक है | हॉ |
| ( यदि विदेशी है तो मूल देश ) | XXXXXX |
| पता | श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर( उधमसिंहनगर ) उत्तराखण्ड |
| 6- उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के 1% से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | परमपाल सुखीजा श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर( उधमसिंहनगर ) उत्तराखण्ड |

मै परमपाल सुखीजा एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य है।

हस्ताक्षर
परमपाल सुखीजा
( प्रकाशक के हस्ताक्षर )

दिनांक: 28 फरवरी 2026

# चीर बंधन और रंग पड़ने के साथ ही खड़ी होली की धूम

अल्मोड़ा एकादशी पर शुक्रवार को रंग पड़ने और चीर बंधन के साथ ही नगर समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में खड़ी होली शुरू हो गई है। जगह-जगह चीर बांध ी गई। नगर और ग्रामीण इलाकों में होली की चीर बांधने के साथ ही रात्रि में घर-घर जाकर खड़ी होली गाई जा रही है। दरअसल, पहाड़ के ग्रामीण इलाकों में खड़ी होली गीत बहुत प्रसिद्ध हैं। इन होलियों के गायन की अपनी विशेषता है। खड़ी और बैठकी होली सुर, लय, ताल के साथ वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर गाई जाती है। शुक्रवार को जिलेभर के कई जगह पर चीर बंधन के साथ पुरूषों और महिलाओं की खड़ी होली हुई। होल्यारों ने कैले बांधी चीर हो रघुनंदन राजा... आज के होली ऐ गे छह... आदि होली गीतों के साथ खड़ी होली की शुरूआत की। नगर के पांडेखोला, जौहरी बाजार, कर्नाटकखोला, पलटन बाजार, दुगालखोला, थाना बाजार, जोशीखोला, थपलिया, सरकार की आली, खोल्टा, पूर्वी पोखरखाली, राजपुरा, लाला बाजार, गुरुरानीखोला में चीर बांधी गई। **साह-चौधरी समाज की होली स्वांग का प्रदर्शन:** महिला सांस्कृतिक समिति और साह-चौधरी की ओर से होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महिलाओं की होली गीतों की धूम रही। होली की शुआरंत महिलाओं ने सिद्धि को दाता विध्न विनाशक होली खेले गिरजापति नंदन... के साथ की। इसके बाद महिलाओं ने बृज में होली कैसे खेलूंगी सांवरिया के संग..., रघुनंदन खेलें होली अवध पुरी में... सहित कई होली गीत गाये। वहीं, महिलाओं ने विभिन्न स्वांग का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें महिलाओं ने खूब तालियां बटोरी।

# आईटीबीपी जवानों के साथ मनाई होली

लोहाघाट (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहाघाट स्थित 36वीं वाहिनी आईटीबीपी में पहुंचकर देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात हिमवीरों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने जवानों को उपहार भेंट किए तथा उनका उत्साहवर्धन किया।जवानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में हिमवीरों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों की विषम भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों में तैनात हमारे वीर जवान देशवासियों की सुरक्षा का सशक्त कवच हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहार हमें आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। ऐसे पावन अवसर पर अपने परिवारों से दूर रहकर मातृभूमि की रक्षा में समर्पित हिमवीरों का त्याग और बलिदान पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है।




## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Pawan Kumar (पुराना नाम) से बदलकर Pawan Kumar Tuteja S/o Avinash Chandra (नया नाम) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

पवन कुमार टुटेजा पुत्र श्री अविनाश चन्द्र, निवासी-A/32, आदर्श कॉलोनी, वार्ड -13, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड- 263153

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सीएम ने किया नवनिर्मित ओपन जिम का लोकार्पण







खटीमा (उद संवाददाता)।सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी फुटबॉल मैदान लोहियाहेड में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सौजन्य नवनिर्मित ओपन जिम का लोकार्पण किया। इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री ने गांधी फुटबॉल मैदान लोहियाहेड में स्वास्तिक नर्सिंग कॉलेज के वार्षिक खेल प्रतियोगिता का फीताकाट कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल अति आवश्यक है। खेलो से मन, मस्तिष्क व शरीर स्वस्थ रहता है और हमें अनुशासन,टीम भावना, नेतृत्व करना सिखाता है।उन्होंने कहा खिलाड़ी लक्ष्य लेकर संकल्प के साथ आगे बढ़ें सिद्धि तक अवश्य पहुंचेंगे। उन्होंने कहा अब खेल एक मनोरंजन का साधन नहीं है,खेलो में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं इसलिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए अनुशासन के साथ खेले। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खेलो इंडिया,फिट इंडिया योजनाओं के अन्तर्गत खेलो का ढांचागत विकास किया है इसलिए हमारे खिलाड़ी आज सभी खेलो में परचम लहरा रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री खिलाड़ियों से मिलते हैं व उनका हमेशा उत्साहवर्धन करते हैं।उन्होंने कहा राष्ट्रीय खेलो में परचम लहराया है,हमारी देव भूमि अब खेल भूमि बन रही है। उन्होंने कहा सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक 28 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी में नियुक्तियां दी गई है, और इस वर्ष 10 हजार युवाओं की सरकारी नौकरियों में भर्ती की जाएगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने ओपन जिम व क्रिकेट में हाथ आजमाये। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री फरजाना बेगम , जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, महामंत्री रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, सहित नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल रुचि अग्रवाल, डॉ विवेक अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल,नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी एवं जनता मौजूद थे।

# राज्य पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप का भव्य आगाज,प्रदेश भर के खिलाड़ी पहुंचे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में तीसरी उत्तराखंड राज्य पैरा बैडमिंटन चौंपियनशिप 2026 एवं राष्ट्रीय चयन ट्रायल का भव्य शुभारंभ मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम, रुद्रपुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी मोहन गोयल, जे. बी. सिंह और डिसएबल स्पोर्टिंग समिति के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। यह राज्य स्तरीय चैंपियनशिप एवं चयन ट्रायल पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड एवं सहयोगी संस्था डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी मोहन गोयल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पैरा खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनका संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास युवाओं को विपरीत





परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस चौंपियनशिप व चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ी 6 से 10 मार्च 2026 तक तेलंगाना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चौंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं, जिससे मुकाबलों का स्तर अत्यंत उच्च और रोमांचक बना हुआ है। चौंपियनशिप के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कड़े मुकाबले खेले जा रहे हैं। चयन ट्रायल में विशेषज्ञ चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस, रणनीति, कोर्ट मूवमेंट एवं समग्र प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का निष्पक्ष चयन सुनिश्चित किया जा सके। आयोजन समिति के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पैरा खिलाड़ियों का समर्पण और जज्बा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं प्रतियोगिता के संयोजक हरीश चौधरी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि समावेशी खेल संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे पैरा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता उत्तराखंड में पैरा खेलों के विकास, प्रतिभा निखार और खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है। इस अवसर पर पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की सचिव श्रीमती अमिता, एनआईएस कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रेम कुमार, संदीप चौधरी, शरद जोशी, गोविंद परिहार, रघुनाथ विश्वास, प्रेम विश्वास, अक्षत रुहेला, कमल हसन, शुभेंदु मन्ना, अनिकेत, विनोद रावत, नवनीत पैन्यूली आदि उपस्थित रहे।

# अरविंद पांडे का व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत

गूलरभोज (उद संवाददाता)। गूलरभोज व्यापारियों के नेतृत्व में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों ने फूल मालाओं से लादकर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। गूलरभोज बाजार से शुरू हुआ जुलूस शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास



पहुंचकर समाप्त हुआ।व्यापारियों को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उधम सिंह नगर में रेलवे की भूमि पर किराए में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। उन्होंने बताया कि रेलवे की भूमि पर कई वर्षों से छोटे दुकानदार और कारोबारी किराया देकर अपना व्यवसाय चला रहे थे। हाल में ही रेलवे विभाग ने इन दुकानदारों के किराए में कई गुना वृद्धि कर दी थी, जिससे उनके सामने अपनी दुकान खोने और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, सुरेंद्र अनेजा, अर्पित अनेजा, रामकिशन दहूजा, संजीव भटेजा, अजय सिडाना, सतीश सिडाना, किशन, राकेश ग्रोवर, विजय कुमार, छोटे लाल यादव, तरुण दुबे, संजीव गुप्ता, राजकुमार, राजेश कुमार, सचिन, आशु रघुवंशी, अमित गुप्ता, गुरमेल शेरू भाई, हरीश छाबड़ा, आनंद सिंह पानू आदि उपस्थित थे।

# किसान मेले में जैविक उत्पादों की रही धूम

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। एकल ग्रामोत्थान समिति के तत्वावधान में पर्वतीय उत्थान समिति के भवन में एक दिवसीय किसान मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में ग्रामीण जनजाति की महिलाओं और स्थानीय किसानों ने अपनी जैविक खेती से उगाई गई सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई, जो आकर्षण का केंद्र रही।मेले का उद्घाटन किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर



दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में किसानों ने मटर, मूली, बंद गोभी, फूल गोभी सहित कई अन्य मौसमी सब्जियों का प्रदर्शन किया, जो पूरी तरह से जैविक पद्धति से उगाई गई थीं।इस अवसर पर मुख्य अतिथि किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ ही शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में भी सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से जैविक खेती अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए जैविक खेती अत्यंत लाभदायक है। हमें रासायनिक खेती को छोड़कर जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा, तभी हम खुद को और समाज को स्वस्थ जीवन दे पाएंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र की किसान महिलाओं ने भी जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस मौके पर संयोजक उपदेश अग्रवाल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टूरना, रणजीत राणा, पुरुषोत्तम राणा, दयाशंकर शर्मा, विकास गुलाटी, हरिश्चंद्र सती, सुरेश जोशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा मोर्चों की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

सितारगंज। भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चों की जिला इकाइयों द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष हारुन मलिक, एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा तथा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश कोहली की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।कार्यकारिणी विस्तार के तहत सितारगंज निवासी राजेश जायसवाल को ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं जुबैर मलिक को अल्पसंख्यक मोर्चे का जिला मीडिया संयोजक, बलबीर कंबोज को ओबीसी मोर्चा का जिला मंत्री बनाया गया। रंजीत राणा को एसटी मोर्चे का जिला मंत्री, आकाश राणा को एसटी मोर्चे



का जिला कार्यकारिणी सदस्य तथा देवेश कुमार को एससी मोर्चे का जिला मंत्री मनोनीत किया गया।इसके साथ ही ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में अनिल रस्तोगी, राधेश्याम रस्तोगी, महेन्द्र गंगवार एवं आशा देवी को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, हज कमेटी उत्तराखंड के अध्यक्ष खतीब अहमद, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल तथा प्रदेश व शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे संगठन की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम के गठन से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आगामी समय में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई जाएगी।

# कच्ची शराब के साथ तस्कर को दबोचा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को 25 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान जब पुलिस टीम तेलमिल क्षेत्र से होते हुए अमरपुर गांव की ओर जा रही थी, तभी गांव से पहले मोड़ पर एक व्यक्ति सफेद रंग का कट्टा हाथ में पकड़े खड़ा दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर वह व्यक्ति घबरा गया और पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया।तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बरामद सफेद कट्टे में 59 छोटे-बड़े पाउच कच्ची शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 25 लीटर पाई गई। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम स्वर्ण सिंह पुत्र विशन सिंह, निवासी ग्राम अमरपुर, रुद्रपुर बताया। अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि वह यह शराब किसी ग्राहक को बेचने की फिराक में खड़ा था। पुलिस ने मौके पर बरामद शराब में से नमूना अलग कर शेष शराब को सील कर दिया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा के साथ कांस्टेबल कृष्णा टम्टा और ताजवीर शाही शामिल रहे।